उत्तर प्रदेश में हैजे का फैलना

1124. **श्री राम नरेश यादव** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हाल ही में उत्तर प्रदेश के ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों में हैजे से मरे व्यक्तियों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या यह सच है कि "बांदा" में हैजे के कारण बड़ी संख्या में लोग मर रहे हैं;

(ग) यदि हां, तो सरकार ने इस रोग की रोकथाम के लिए क्या उपाय किए हैं; और

(घ) इस बीमारी पर प्रभावशाली ढंग से काबू पाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) और (ख) उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त हुई सूचना के अनुसार 24 अप्रैल, 1993 तक हैजा के कारण किसी की मृत्यु नहीं हुई है ।

(ग) और (घ) ये प्रश्न ही नहीं उठते ।

रक्त बैंक

1125. **श्रीमती सत्या बहिन** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में कार्य कर रहे सरकारी और निजी रक्त बैंकों की संख्या कितनी-कितनी है तथा उनमें रक्त-दाताओं की संख्या कितनी-कितनी है ;

(ख) क्या इनकी नियमित रूप से जांच की जाती है; और

(ग) क्या रोगियों के रक्त संचरण करने से पहले यह सुनिश्चित किया जाता है कि रक्त में एड्स के प्रारम्भिक लक्षण न हों ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) दानकर्ताओं की संख्या सहित दिल्ली में कार्य कर रहे रक्त बैंकों की संख्या इस प्रकार है :—

क्रम संख्या	रक्त बैंकों का स्तर	रक्त बैंकों की संख्या	दानकर्ताओं की सं०
1.	सरकारी	14	86232
2.	स्वैच्छिक	6	86731
3.	वाणिज्यिक	7	73696

(ख) जी, हां ।

(ग) दिल्ली प्रशासन के अनुसार एड्स संक्रमण के किसी प्रमाण के लिए रक्त की शत प्रतिशत जांच एलिसा जांच द्वारा की जा रही है तथा केवल प्रमाणित एच०आई०वी० निगेटिव रक्त, रक्त बैंकों से जारी किया जा रहा है ।

चिकित्सा सामग्री डिपो में अनियमितताएं

1126. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार को चिकित्सा सामग्री डिपो में अनियमितताओं के संबंध में रिपोर्ट प्राप्त हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार ने इस संबंध में क्या कार्यवाही की है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) से (ग) अनियमितताओं संबंधी शिकायतें समय-समय पर प्राप्त हो रही हैं । उनकी जांच की जाती है तथा उपयुक्त कार्रवाई की जाती है ।

Compulsory Sterilization after Second Living Child

1127. DR. NARREDDY THULASI REDDY : Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state :